## महत्वपूर्ण एवं खास

### नशीली टेबलेट के साथ दो गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** गुढियारी पुलिस के टीम ने मुखबिर की सूचना पर नशीली टेबलेट खपाने ग्राहक तलाशते एक अपचारी बालक समेत दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 110 नग नशीली टेबलेट जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि भवानी नगर स्थित काली मंदिर के पास एक व्यक्ति प्रतिबंधित नशीली टेबलेट बिक्री कर रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी सूरज पाण्डेय 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से अलग - अलग स्ट्रीप में रखें कुल 67 नग निट्राजेपम टेबलेट जब्त किया है। वहीं दूसरे मामले में पुलिस ने एक अपचारी बालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अपचारी बालक के पास से 43 नग नाईट्रोजन जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा धारा 21(बी) नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### केंद्रीय जेल दुर्ग में दंडित बंदी की मृत्यु की जांच प्रारंभ

**दुर्ग (आरएनएस)।** केंद्रीय जेल दुर्ग में दंडित बंदी व्ही गोपाल राव आत्मज विजय सदाशिव राव उम्र 45 वर्ष निवासी जामुल थाना जामुल छत्तीसगढ़, केंद्रीय जेल दुर्ग में परिरुध्द था। केंद्रीय जेल दुर्ग में शौचालय से वापस आने के दौरान अचेत होकर गिरने पर जेल हॉस्पिटल में चिकित्सक के द्वारा 24 मार्च 2022 को उसका परीक्षण किया गया, परीक्षण उपरांत बंदी को मृत घोषित कर दिया गया। दंडित बंदी मृत्यु की मृत्यु की जांच हेतु अनुविभागीय दंडाधिकारी दुर्ग शहर को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिस पर अनुविभागीय दंडाधिकारी द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर जांच प्रारंभ कर दी गई है। प्रकरण में दावा आपत्ती हेतु 07 अक्टूबर 2022 की समय सीमा तय की गई है। यदि कोई दावा आपत्ति दर्ज करना चाहता है तो स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित अभिकथन दो प्रतियों में अनुविभागीय दंडाधिकारी दुर्ग शहर के समक्ष अपना साक्ष्य प्रस्तुत कर सकता है।

### पुराने विवाद पर मारपीट

**रायपुर (आरएनएस)।** मारूति बिजनेस पार्क स्थित एक्साइड बैटरी दुकान में पुराने विवाद को लेकर एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर पाइप से मारपीट कर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार फेस-3 कबीरनगर निवासी प्रार्थी उपेन्द्र सिंह 47 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी विक्रम सिंह ने पुराने विवाद को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर वाइफर पाइप से मारपीट कर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### नक्सली स्थापना सप्ताह के पहले दिन हुई मुठभेड, नक्सली कैंप ध्वस्त

**बीजापुर (आरएनएस)।** जिले के फरसेगढ़ थाना क्षेत्र अंर्तगत तालमेंडरी के जंगल में बुधवार को नक्सली स्थापना सप्ताह के पहले दिन नक्सलियों के नेशनल पार्क एरिया कमेटी के डीवीसीएम दिलीप वेंडजा और अन्य की उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी की टीम तालमेंडरी के जंगल की ओर रवाना हुई थी। डीआरजी के जवानों के साथ हुई मुठभेड में जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली मौके से भाग खड़े हुए, मुठभेड़ के बाद जवानों ने मौके पर सर्चिंग के दौरान एक नक्सली कैंप को ध्वस्त कर दिया है। वहीं मौके से नक्सली साहित्य एवं दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद किया है।

# जाते जाते मानसून हुआ सक्रिय, मध्य छत्तीसगढ़ में भारी बारिश के आसार



**रायपुर (आरएनएस)।** मौसम विभाग ने 19 सितंबर से 21 सितंबर तक 3 दिनों तक प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा और प्रदेश के एक-दो स्थानों पर भारी बारिश को लेकर संभावना जताई थी. आज बारिश का तीसरा दिन है. मंगलवार को राजधानी रायपुर में रुक रुक कर हल्की और रिमझिम बारिश देखने को मिली. बीते 2 दिनों तक बारिश के कारण उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिली है. बुधवार की सुबह हल्के काले बादल छाए रहने के साथ में हल्की बूंदाबांदी भी हो रही है. आज भी राजधानी रायपुर में मौसम के इसी तरह के बने रहने की संभावना है. वहीं मौसम विभाग के मुताबिक बुधवार को प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पडऩे की संभावना है. प्रदेश के एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने और भारी वर्षा होने की संभावना है. भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यता मध्य छत्तीसगढ़ में रहने की संभावना है।

### छत्तीसगढ़ में अब तक 1192.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2022 से अब तक राज्य में 1192.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून से आज 21 सितम्बर तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 2283.7 मिमी और सरगुजा में जिले में सबसे कम 551.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर में 924.1 मिमी, बलरामपुर में 896.3 मिमी, जशपुर में 943.8 मिमी, कोरिया में 834.4 मिमी, रायपुर में 861.7 मिमी, बलौदाबाजार में 1111.9 मिमी, गरियाबंद में 1214.3 मिमी, महासमुंद में 1118.3 मिमी, धमतरी में 1264.8 मिमी, बिलासपुर में 1371.3 मिमी, मुंगेली में 1247.5 मिमी, रायगढ़ में 1127.6 मिमी, जांजगीर-चांपा में 1306.6 मिमी, कोरबा में 1150.0 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 1026.9 मिमी, दुर्ग में 927.7 मिमी, कबीरधाम में 1070.8 मिमी, राजनांदगांव में 1170.1 मिमी, बालोद में 1252.2 मिमी, बेमेतरा में 679.4 मिमी, बस्तर में 1729.7 मिमी, कोण्डागांव में 1229.2 मिमी, कांकेर में 1480.1 मिमी, नारायणपुर में 1388.7 मिमी, दंतेवाड़ा में 1729.6 मिमी और सुकमा में 1504.8 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई।

### रायगढ़ जिले में 1127.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 21 सितम्बर तक 1127.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 28.2 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1345.7 मिली मीटर, पुसौर में 1399.1, खरसिया में 1107.6, सारंगढ़ में 1335.4, बरमकेला में 999.2, घरघोड़ा में 907.8, तमनार में 1175.2, लैलूंगा में 1126, धरमजयगढ़ में 1041.8, सरिया में 1051.8 एवं छाल में 914 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# कैरेबियन प्रीमियर लीग मैच में सट्टा खिलाते पकड़े गए 2 सटोरिए

- एक लाख की सट्टा-पट्टी के साथ मोबाइल और नगदी जब्त
- ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा पर कोतवाली पुलिस की कार्यवाही



**रायगढ।** पुलिस अधीक्षक अभिषेकमीणा के दिशा निर्देशन पर क्रिकेट सट्टा पर कार्यवाही के लिए थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर द्वारा अपने स्टाफ व मुखबीर तैनात किया गया है। इसी क्रम में दिनांक 21.09.2022 को वर्तमान में चल रहे कैरेबियन क्रिकेट प्रीमियर लीग टूर्नमिंट के लाइव क्रिकेट मैच में दरोगापारा जैन मंदिर के पास दो व्यक्ति क्रिकेट मैच पर बॉल टू बॉल मोबाइल पर ऑनलाइन सट्टा लिए जाने की सूचना पर कोतवाली स्टाफ द्वारा रेड किया गया, जहां सट्टा लिखते अमन सिंह पिता विनोद सिंह निवासी दरोगापारा रायगढ़ और मुकेश सिंह जोगी पिता चमन सिंह जोगी निवासी दरोगापारा रायगढ़ पकड़े गए। आरोपियों के कब्जे से सट्टा खिलाने की सामग्री मोबाइल, रजिस्टर जप्त किया गया जिसमें करीब ₹100000 का सट्टा पट्टी का विवरण दर्ज है तथा सट्टे में लगी जुआ रकम 2900 रुपए नकद आरोपियों के कब्जे से बरामद किया गया है। आरोपियों पर थाना कोतवाली में धारा 4 (क) सार्वजनिक द्रुत अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया है।

# मुख्यमंत्री दाई दीदी क्लीनिक : 1.18 लाख से ज्यादा महिलाओं का निशुल्क इलाज



**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री दाई दीदी मोबाइल क्लीनिकों के माध्यम से अब तक राज्य में करीब 1592 कैम्प लगाएं जा चुके हैं। इनसे रायपुर, बिलासपुर एवं भिलाई नगर निगम क्षेत्र की गरीब स्लम बस्तियों में रहने वाली एक लाख 18 हजार 523 महिलाओं एवं बच्चियों का उनके घर के पास ही दाई-क्लीनिक कैंप के माध्यम से इलाज किया गया है।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री दाई-दीदी क्लिनिक योजना संचालित की जा रही है। योजना के तहत दाई-दीदी क्लिनिक की मोबाइल मेडिकल यूनिट के वाहन में महिला चिकित्सकों और स्टॉफ की टीम पहुंचती है तथा जरूरतमंद महिलाओं एवं बच्चियों की विभिन्न बीमारियों का नि:शुल्क इलाज करती है। इन मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा 20 हजार 826 महिलाओं का लैब टेस्ट किया गया तथा एक लाख 12 हजार 380 महिलाओं को नि:शुल्क दवाईयां दी गई। इससे गरीब स्लम क्षेत्र में रहने वाली मेहनत मजदूरी करने वाली ऐसी महिलाएं जो कई कारणों से अपना इलाज नहीं करा पा रही थी, उन्हें इलाज की सुविधा घर के पास ही महिला चिकित्सकों और चिकित्सा स्टॉफ के माध्यम से मिल पा रही है।

# सेहत के साथ आमदनी का जरिया बना बाड़ी विकास योजना

**0 हरी सब्जियों से गांवों में बढ़ी पोषक आहारों की उपलब्धता**



**रायगढ़।** शासन की सुराजी ग्राम योजना के चार घटकों में से एक बाड़ी कई मायनों में महत्वपूर्ण साबित हो रही है। बाड़ी विकास से जहां आज गांवों में हरी ताजी सब्जियों की सुलभ उपलब्धता से लोगों की सेहत बन रही है तो दूसरी ओर समूहों के आय में भी वृद्धि हो रही है। शासन द्वारा व्यक्तिगत एवं सामुदायिक बाड़ी विकसित किए जा रहे हैं। जिसकी देखरेख महिलाओं के कंधे पर है। जिससे बाड़ी में कार्यरत महिला समूहों को सब्जियों के साथ अतिरिक्त आय की प्राप्ति हो रही है।

रायगढ़ के ग्राम भिखारीमाल में उद्यानिकी विभाग के द्वारा लगभग 01 एकड़ में बाड़ी विकसित किया गया। जिसकी पूरी देखभाल की जिम्मेदारी महिला समूह की है। समूह की भगवती महार कहती है कि समूह द्वारा वर्मी खाद बनाया जा रहा है। जिससे समूह की अच्छी आमदनी हो जाती है। लेकिन उद्यानिकी विभाग द्वारा बाड़ी विकास अंतर्गत जब बाड़ी विकसित कर किट के साथ मार्गदर्शन दिया तब उन्हें बाड़ी में भी कार्य करने की रुचि हुई। जिसके पश्चात शारदा स्व-सहायता समूह की आधा दर्जन महिलाओं ने बाड़ी में कार्य करना प्रारंभ किया। शुरूआत में ही उन्होंने बैगन, कुंदरू, खीरा, कद्दू जैसे विभिन्न सब्जियों की फसल ली। जिसका स्थानीय स्तर पर अच्छी खपत हुई।

इसके अलावा कई सब्जियों को व्यवसायियों द्वारा भी उठाव किया गया। जिससे समूह को शुरुआती दौर में 15 से 20 हजार की आमदनी प्राप्त हुई है। लिहाजा समूह इस बार आमदनी बढ़ाने की दिशा में कार्य करते हुए, अधिक मांग वाली सब्जियों को बाड़ी में प्राथमिकता दे रहे है। जिससे अतिरिक्त आमदनी को बढ़ाया जा सके। इस बार स्व-सहायता समूह लौकी, कुदरु, कोचई, हल्दी एवं भाजी किस्म की सब्जियां लगाई है। समूह के सदस्यों का कहना है वर्मी खाद बनाने के बाद कुछ सदस्य बाड़ी में कार्य कर आज वर्मी विक्रय कर के साथ सब्जियां बेच कर अतिरिक्त आय से खुश हैं। आगामी दिनों में आय बढ़ाने के लिए बाड़ी क्षेत्र विस्तार करना चाहती है, जिससे सब्जियों में विविधता के साथ आय में वृद्धि हो सके।

# हलवाई से लूटपाट करने वाले आरोपी को जूटमिल पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर



**रायगढ़।** दिनांक 21.09.2022 को चौकी प्रभारी जूटमिल उप निरीक्षक कमल किशोर पटेल के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक भागीरथी चौधरी एवं स्टाफ द्वारा जूटमिल देवारपारा में रहने वाले हलवाई सहानी यादव से बेवजह झगड़ा, मारपीट कर नगद 9,000 रूपये की लूट करने वाले आरोपी संजय भट्ट उर्फ संजय सोनवानी (22 साल) को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। लूटपाट की घटना में आरोपी संजय भट्ट का भाई और उसके दो साथी भी शामिल थे, जो पुलिस की छापेमारी को देख क्षेत्र से फरार हैं, जिनकी सरगर्मी से पतासाजी की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक दिनांक 20.09.2022 को जूटमिल देवारपारा में रहने वाला सहानी यादव (45 वर्ष) चौकी जूटमिल आकर चौकी प्रभारी उप निरीक्षक कमल किशोर पटेल को बताया कि हलवाई का काम करता है। इसके साथ मजदूरी का काम करने वाली महिला बजरंगपारा निगम कलोनी में रहती है जिसे दिनांक 19.09.2022 को रूपये देने अपने पहने लोवर के जेब में 9,000 रूपये रखकर दोपहर करीब 02:30 बजे गया था। बजरंगपारा निगम कलोनी में किराना दुकान चलाने वाला संजय भट्ट अपने दुकान सामने पहुंचने पर संजय भट्ट दुकान से बाहर निकलकर जबरदस्ती वाद विवाद करने लगा। थोड़ी देर बाद संजय भट्ट का भाई कुमार भट्ट अपने हाथ में लोहे का राड लेकर आया, उसके साथी गणेश सारथी और सोहन सारथी के साथ आया फिर चारों झगड़ा, मारपीट कर लोवर के पकिट में रखे 9,000 रूपये को लूट लिये, डरकर वहां से भाग गया। दूसरे दिन चौकी आकर रिपोर्ट दर्ज कराया, पीड़ित सहानी यादव के रिपोर्ट पर धारा 392 IPC का अपराध पंजीबद्ध कर सहानी यादव का मेडिकल कराया गया, चोट सामान्य है। तत्पश्चात आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी के लिए चौकी प्रभारी एवं स्टाफ द्वारा दबिश दिया गया। मामले के एक आरोपी संजय भट्ट को आज सुबह मुखबिर सूचना पर जूटमिल स्टाफ द्वारा घेराबंदी कर पकड़कर पुलिस चौकी लाया गया। लूटपाट के संबंध में आरोपी संजय भट्ट से पूछताछ करने पर अपने भाई कुमार भट्ट और साथी गणेश सारथी, सोहन सारथी के साथ मिलकर लूटपाट करना और लूट में मिले ₹9000 में से ₹3000 गणेश सारथी रख लेना और बाकी 6,000 रूपये में से तीनों ₹2000-₹2000 बांट लेना बताया। आरोपी संजय भट्ट अपने 2,000 रूपये से 750 रूपये को खाने-पीने में खर्च कर देना बताया जिसे शेष रकम 1250 रुपए जप्त किया गया है। मामले के तीन आरोपी कुमार भट्ट, सोहन सारथी, गणेश सारथी फरार है जिंनकी पतासाजी की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी संजय भट्ट उर्फ संजय सोनवानी पिता बादल सोनवानी उम्र 22 वर्ष निवासी बजरंगपारा निगम कॉलोनी चौकी जूटमिल, थाना कोतवाली को आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी पतासाजी गिरफ्तारी में चौकी प्रभारी जूटमिल एसआई के.के. पटेल के साथ एएसआई भागीरथी चौधरी, आरक्षक बनारसी सिदार, विनय तिवारी की अहम भूमिका रही है।

# 'श्रमेव जयते' मोबाइल एप के माध्यम से घर बैठे श्रमिक कर सकते है अपना पंजीयन



**रायगढ़।** श्रम विभाग अंतर्गत छ.ग.भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल एवं छ.ग.असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मण्डल के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं हेतु श्रमिकों का पंजीकृत होना आवश्यक है। श्रमिक अपना पंजीयन या योजना संबंधी आवेदन किसी भी च्वाईस सेंटर या कम्प्यूटर सेंटर से करा सकते है इसके अतिरिक्त प्रदेश के श्रमिकों की सुविधा के लिए श्रम विभाग द्वारा 'श्रमेव जयते' मोबाइल एप का निर्माण किया गया है। जिसके माध्यम से घर बैठे मोबाइल से ही स्वयं ही पंजीयन हेतु नि:शुल्क आवेदन कर सकते है। साथ ही इस मोबाइल एप में क्यूआर कोड स्कैनर, पंजीयन कार्ड डाउनलोड करना एवं पलायन की जानकारी दिए जाने जैसी सुविधायें भी उपलब्ध है।

'श्रमेव जयते' मोबाइल एप गूगल प्ले स्टोर में भी उपलब्ध है एवं लिंक https://play.google.com/store/apps/details?id=raipur.nic.cglabour से भी किया जा सकता है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए सहायक श्रमायुक्त, कलेक्टोरेट रायगढ़ में कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संपर्क सकते है।

# शैक्षणिक प्रशिक्षण भ्रमण पर भुवनेश्वर रवाना हुए 40 कृषक



**गरियाबंद (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना अंतर्गत जलग्रहण घटक के तहत जिला गरियाबंद से टोनही नाला जलग्रहण परियोजना गरियाबंद एवं खडकानाला जलग्रहण परियोजना देवभोग के 40 प्रशिक्षणार्थी कृषक शैक्षणिक भ्रमण एवं प्रशिक्षण हेतु 21 सितम्बर को जिला मुख्यालय गरियाबंद से भुवनेश्वर रवाना हुए। सहायक संचालक कृषि नरसिंह ध्रुव नेतृत्व में प्रशिक्षणार्थी कृषकों के दल को जिला पंचायत कृषि स्थाई समिति के सभापति लोकेश्वरी नेताम और उप संचालक कृषि संदीप कुमार भोई ने हरी झंडी दिखाकर वाहन को रवाना किया गया। इस दौरान सभापति लोकेश्वरी नेताम द्वारा सभी 40 प्रशिक्षणार्थियों को शुभकमनाये देते हुए प्रशिक्षण प्राप्त कर उन्नत तकनीकियों को अपने अपने जलग्रहण क्षेत्र में अपनाने हेतु प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि किसानों को उन्नत तकनीकियों और कृषि संबंधी नई खोज से अवगत कराने हेतु समय-समय पर कृषक प्रशिक्षण एवं शैक्षणिक भ्रमण कराया जाना चाहिए। उप संचालक कृषि संदीप कुमार भोई द्वारा बताया गया कि जिले में दो नई जलग्रहण परियोजना विकासखंड गरियाबंद एवं विकासखंड देवभोग में संचालित है जिसके प्रथम चरण में जलग्रहण समितियों के अध्यक्ष एवं किसानों का प्रशिक्षण एक महत्वपूर्ण घटक है, जिसके तहत भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की संस्थान भारतीय जल प्रबंधन संस्थान भुवनेश्वर में 22 से 24 सितम्बर 2022 तक तीन दिवसीय जलग्रहण क्षेत्र में जल संचयन एवं जल प्रबंधन तथा मृदा संरक्षण विषय पर राष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। इसके अलावा भुवनेश्वर के जलग्रहण क्षेत्र में भ्रमण करवा कर वहा पर अपनाई जा रही मृदा एवं जल संरक्षण गतिविधियों एवं संरचनाओं का अवलोकन करेंगे तथा जल प्रबंधन संस्थान में किये जा रहे नई खोज एवं तकनीकियों का वहा के वैज्ञानिकों द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को अनुसंधान केन्द्र में अवगत कराया जायेगा।

# मुख्यमंत्री मितान योजना के माध्यम से लोगों को घर पहुंचाकर दिए गए 14 हजार 545 शासकीय दस्तावेज



**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्मयंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप राज्य के नागरिकों को घर पहुंच शासकीय सेवाओं का लाभ मुहैया कराने के उद्देश्य से शुरू की गई मुख्यमंत्री मितान योजना लोगों के बीच काफी लोकप्रिय होते जा रही है। इस योजना के माध्यम से अल्प अवधि में ही 14 हजार 545 से अधिक शासकीय दस्तावेज लोगों को मितानों द्वारा घर पहुंचाकर उपलब्ध कराये गए है।

गौरतलब है कि यह योजना राज्य में एक मई 2022 को श्रम दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लांच की थी। अभी इस योजना को शुरू हुए पांच महीने भी नहीं बीते है। नगर निगम क्षेत्रों में बड़ी संख्या में लोग इस योजना का लाभ उठाने लगे हैं। इस योजना के माध्यम से नागरिकों को वर्तमान में 14 नगर निगमों में 13 प्रकार की सेवाएं राजस्व और नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा उपलब्ध करायी जा रही है, जिसमें मूल निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाणपत्र, आय प्रमाण पत्र, दस्तावेज़ की नकल, गैर-डिजिटाइज्ड (भूमि रिकॉर्ड आदि की प्रति), मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह पंजीकरण और प्रमाणपत्र, जन्म प्रमाणपत्र, दुकान और स्थापना पंजीकरण, जन्म प्रमाणपत्र सुधार, मृत्यु प्रमाणपत्र सुधार, विवाह प्रमाणपत्र सुधार आदि सेवाएं शामिल हैं। इस योजना के माध्यम से निकट भविष्य में नागरिकों को लगभग 100 प्रकार की शासकीय सेवाएं घर बैठे उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। यह योजना सभी नगरीय निकायों तक विस्तारित होगी।

मुख्यमंत्री मितान योजना के अंतर्गत अब तक लगभग 30,000 से अधिक नागरिकों को दस्तावेज संबंधी जानकारी कॉल के माध्यम से प्राप्त हुई है, वहीं लगभग 14 हजार 545 से अधिक नागरिकों ने घर बैठे अपने शासकीय दस्तावेज प्राप्त किए हैं। राज्य भर में लगभग 20,800 अप्वाइंटमेंट आज तक बुक किए जा चुके हैं। इस योजना के जरिए नागरिकों को एक कॉल पर सभी शासकीय दस्तावेज उपलब्ध करवाने हेतु अपॉइनमेंट बुक करने की सुविधा उपलब्ध हो रही है। इसका लाभ उठाने के लिए नागरिकों को टोल फ्री नंबर 14545 पर कॉल करना होता है। मितान योजना का एकमात्र उद्देश्य है राज्य के नागरिकों को सहजता से घर बैठे शासकीय सुविधाएं प्रदान करना है। यह योजना शासन और नागरिकों के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित हो रही है। इस योजना के माध्यम से शासन के प्रति नागरिकों का विश्वास सुदृढ़ हुआ है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480